नई दिल्ली, शनिवार
23 नवंबर, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

टमाटर की कीमतों को नियंत्रित करेंगे 28 स्टार्टअप 12
बुमराह ने पलट दिया खेल 16



# साइबर सेंध में 24 घंटे में कार्रवाई अनिवार्य

## देश में बढ़ते ऐसे अपराधों को देखते हुए केंद्र सरकार ने टेलीकाम कंपनियों को दिए दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** देश में बढ़ते साइबर अपराधों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस साल के शुरुआती चार महीनों में ही 7.4 लाख शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें भारतीयों से 1,750 करोड़ रुपये ठगे गए। साइबर अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब देने और लोगों के बीच साइबर सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए केंद्र सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। इसके तहत दूरसंचार साइबर सुरक्षा के नए नियमों की अधिसूचना जारी कर दी गई है। साइबर अपराध होने पर त्वरित कार्रवाई की नीति के तहत इस पूरे तंत्र के हर सिरे को समयबद्ध तरीके से ट्रेस करके उस पर काबू पाया जाएगा। दूरसंचार के किसी भी क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को अब हर हाल में एक चीफ टेलीकम्यूनिकेशंस सिक्योरिटी अफसर रखना होगा।

दूरसंचार कंपनियों को कोई भी साइबर अपराध कितने ही छोटे या बड़े पैमाने पर क्यों न हुआ हो, उसकी एक-एक जानकारी अपने चीफ टेलीकम्यूनिकेशंस सिक्योरिटी के जरिये अधिकतम छह घंटे में केंद्र को देनी होगी। इस ब्योरे में प्रभावित प्रणाली के मौजूदा ब्योरे के साथ ही ऐसी सभी घटनाओं का ब्योरा देना होगा। साइबर अपराध या साइबर सुरक्षा में सेंध के मामले में 24 घंटे के अंदर दूरसंचार कंपनियों को प्रभावित सेवाओं या नेटवर्क वाले यूजर्स, उनकी गफलत की अवधि, भौगोलिक क्षेत्रों का ब्योरा भी आंकते हुए उसे केंद्र सरकार या केंद्रीय एजेंसियों को सौंपना होगा। इसी अवधि में सुधार संबंधी कदम उठा लेने होंगे या फिर उन्हें प्रस्तावित करना होगा। नियमानुसार निर्माता कंपनी के पास एक 'अंतरराष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान' (आइएमईआइ) अंक भी होता है। निर्माता कंपनियों को अपने ऐसे उपकरण की पहली बिक्री से पहले उसके आइएमईआइ नंबर को भारत सरकार के पांच पंजीकृत कराना होगा। व्यवस्था में पाई गई खामियों को दूर करने के लिए फिर से साइबर तंत्र को और चौकस किया जाएगा। यह प्रक्रिया हर बार कोई नई खामी सामने आने पर अपनाई जाएगी।

**डाटा हासिल करने का केंद्र को अधिकार:** केंद्र सरकार की अधिसूचना का उद्देश्य भारतीय संचार प्रणाली और सेवाओं को सुरक्षित रखना है। इसलिए दूरसंचार सेवाएं या प्रतिष्ठान या आपरेटिंग या दूरसंचार मेनटेनेंस की टेलीकाम कंपनियों को सुरक्षा संबंधी घटनाओं की रिपोर्ट देना एक निर्दिष्ट समयसीमा में आवश्यक होगा। इन नियमों से केंद्र सरकार या उसकी अधिकृत एजेंसी को यह अधिकार होगा कि वह साइबर सुरक्षा के कारणों से ट्रैफिक डाटा और अन्य किसी भी प्रकार के डाटा (मैसेज की विषय सामग्री छोड़कर) को टेलीकाम कंपनियों से हासिल कर सकती है। मसौदे के अनुसार दूरसंचार कंपनियों को टेलीकाम साइबर सिक्योरिटी की पालिसी को भी अपनाना बेहद जरूरी है। इसमें सिक्योरिटी सेफगार्ड, रिस्क मैनेजमेंट अप्रोचेज, कार्रवाइयां, प्रशिक्षण, नेटवर्क टेस्टिंग और खतरे के मूल्यांकन को भी शामिल करना होगा। संकलित किए गए ऐसे किसी भी डाटा को गोपनीय और अनाधिकृत दखल से दूर रखना जरूरी होगा। नियमों के मुताबिक, किसी को भी दूरसंचार उपकरणों के दुरुपयोग या पहचानकर्ता या दूरसंचार नेटवर्क या दूरसंचार सेवाओं में धांधली, धोखाधड़ी और निजता को भंग करने के जरिये दूरसंचार साइबर सुरक्षा को खतरे में नहीं डालना होगा।

- **दूरसंचार साइबर सुरक्षा नियमों की अधिसूचना जारी, चौकस होगी सुरक्षा**
- **छह घंटे में मुख्य सुरक्षा अफसर को केंद्र को देनी होगी हरेक जानकारी**
- **साल के शुरुआती चार माह में साइबर अपराध की 7.4 लाख शिकायतें दर्ज**



### मेटा ने घोटालों से जुड़े 20 लाख से अधिक खाते हटाए

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** इंटरनेट मीडिया कंपनी मेटा ने म्यांमार, लाओस, कंबोडिया, यूएई और फिलीपींस में घोटाले से जुड़े केंद्रों से संबद्ध 20 लाख से अधिक खाते हटा दिए हैं। मेटा ने कहा कि वह पिग बुचरिंग नाम की एक आपराधिक संगठन की धरपकड़ में लगे हैं। हम जांच एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जो घोटालेबाजों को पकड़ रही हैं। ऐसे घोटालों के जरिये पिछले साल विश्व भर में 64 अरब डालर ठग लिए गए हैं।

## संपादकीय

**पूरा होता टीबी मुक्त भारत का संकल्प:** टीबी उन्मूलन अभियान में जनभागीदारी के चलते देश को 2025 तक इस बीमारी से मुक्त करने का लक्ष्य पूरा होता दिख रहा है। डा. **मनसुख मांडविया** का आलेख।



**सुनिश्चित की जाए बच्चों की सुरक्षा:** यदि बच्चे-बच्चियां स्कूल और स्कूल परिवहन के साधनों में ही सुरक्षित नहीं, तो आखिर वे पढ़ेंगे कैसे? **क्षमा शर्मा** का दृष्टिकोण।

पेज 10

# महाराष्ट्र व झारखंड में कौन बनाएगा सरकार, नतीजे आज

- **एक्जिट पोल में दोनों राज्यों में राजग को दिखाई गई है बढ़त**
- **वायनाड लोस उपचुनाव में प्रियंका वाड्रा की किस्मत का भी होगा फैसला**

**नई दिल्ली, जेएनएन :** महाराष्ट्र और झारखंड के मतदाता वैसे तो अपना फैसला सुना चुके हैं, लेकिन चुनाव परिणाम को लेकर इंतजार शनिवार को समाप्त होगा। महाराष्ट्र और झारखंड में सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। दोनों राज्यों में सत्ता का ताज किसके सिर सजेगा, इसका फैसला हो जाएगा। एक्जिट पोल में दोनों राज्यों में राजग को बढ़त दिखाई गई है। 13 राज्यों की 46 विधानसभा सीटों और महाराष्ट्र के नांदेड़ व केरल के वायनाड की लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए वोटों की गिनती भी शनिवार को होगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा वायनाड से चुनावी मैदान में हैं। प्रियंका को माकपा नेता सत्यन मोकेरी और भाजपा की नव्या हरिदास ने टक्कर दी।

महाराष्ट्र में सभी की निगाहें सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और महाविकास आघाड़ी (मविआ) गठबंधन के बीच संघर्ष के नतीजे पर होंगी। मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी। इसके लिए 288 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। 2,086 निर्दलीय समेत कुल 4,136 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।


झारखंड के सभी 24 जिला मुख्यालयों में सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट से पड़े मतों की और साढ़े आठ बजे से ईवीएम में पड़े वोटों की गणना होगी। साढ़े नौ बजे पहले राउंड के परिणाम आएंगे।

### उप्र विस की नौ सीटों के उपचुनावों के भी आएंगे नतीजे

उत्तर प्रदेश विधानसभा की नौ सीटों के उपचुनावों के नतीजे भी शनिवार को आएंगे। गाजियाबाद, मीरापुर, कुंदरकी, सीसामऊ, कटेहरी, फूलपुर, मझावन, करहल और खैर सीटों पर 20 नवंबर को उपचुनाव हुए थे। राजस्थान में सात, बंगाल में छह, असम में पांच, पंजाब और बिहार में चार-चार, कर्नाटक में तीन, मध्य प्रदेश और केरल में दो-दो, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड और मेघालय में एक-एक सीट पर हुए विधानसभा उपचुनावों की मतगणना होगी।

झारखंड में कई दिग्गजों के भाग्य का होगा फैसला » पेज 17
संबंधित » पेज 11




Download the app and explore the collection


Delhi - Craze Garments - E-77, Main Market Laxmi Nagar - 7678132910 | Aarkay Innovations Limited - WZ 168 - Amain Najafgarh Road. - 9350818694 | Delhi - New Tyagi Selection - Ground Floor Rati Ram Park - 9990350404 | Lachman Dass Moti Ram - Sector - 7 Rohini Near Metro Pillar No. 423 - 9899097565 | M/S 4th Avenue - Kalkaji - 8744910408 | M/S 4th Avenue - D-4 Krishna Park Deoli Khanpur - 9891916907 | Saanvi - Village Burari North - 9717930122 | Kamla Nagar - No.119, "E" Block - 7488889076 | Janakapuri - Shop No. G-5 (1), A, Janak Palace, District Centre - 8802339572 | Dwarka - Agarwal Arcade, Sector 12 - 9910123600 | New - V3S Mall - Vikas Marg, Laxmi Nagar - 9717697964 | Karol Bagh - Ajmal Khan Road. - 9911857015 | MOS - Old Store - Lajpatnagar - 2 - J - 23 B - 9810690743 | MOS - Shop No. 61 & 62, Sarojini Nagar Market - 9717472509 | Malviya Nagar - Shop No. 13, Old Market - 9717684214 | CP - No. F-7, F, Block Connaught Place - 9971389343 | Central Market, Lajpat Nagar - E-23C Central Market - 9999938823 | Faridabad - MOS - Nehru Ground - Shop No. 28A, NIIT - 8447146968 | Crown Interiorz Mall - GF 20, Faridabad - 9953080772 | Gurgaon - Shyam Unique Retailers - SCO - 55, Civil Line Gurgaon - 9911291112 | The Metropolitan Mall - Ground Floor, MG Road - 9811479347 | Airia Mall - 1st Floor, Sohna Road, Sector 68 - 9650667901 | Ghaziabad - ManSan Creations - Shyam Park, Extn. Sahibabad - 9821363542 | Ambedkar Road. - Model Town East - 9873463535 | WSM Ghaziabad - Mohan Nagar - 9212438613 | Mahagun Metro Mall - Link Road, Vaishali - 9716013167 | Gaur Central Mall - Ground Floor Road C, Rajnagar Ghaziabad - 8826008115 | Noida - Mall Of India - Plot No. M03, Sector 18, Noida - 9717398878 | MOS - GIP Mall - Ground Floor, Plot No. A-2, Sector 38A, Noida - 9911002959 | Gaur City Mall - First Floor, Sector-4, Greater Noida (West) - 9999185135

*********

नई दिल्ली, शनिवार
23 नवंबर, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



चांदनी चौक में हो रहा जुआ और हफ्तावसूली, पुलिस कुछ नहीं कर रही: हाई कोर्ट 5
राजधानी में कानून व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं: शाह 5

## यात्रा

### यहां जंगल का रोमांच खींच लाता है पर्यटकों को



**होशियारपुर:** प्रकृति के सौंदर्य के बीच समय गुजारना है तो होशियारपुर आइए। यहां मछलियों की अटखेलियों के बीच बोटिंग कीजिये और जानवरों को निहारिये। ● पेज 12

## अंदर पढ़ें

### माल ढुलाई,लोगों के यातायात के लिए होंगी अलग सड़कें

**नई दिल्ली :** वाहनों की वजह से शहरों में हो रहे प्रदूषण और जाम की समस्या को कम करने के लिए सरकार सिटी लाजिस्टिक प्लान (सीएलपी) लेकर आई है। इसके तहत मुख्य रूप से माल ढोने वाले और यात्री वाहनों के लिए अलग-अलग सड़कें होंगी। इस प्लान पर अमल से लाजिस्टिक लागत में भी कमी आएगी। सबसे पहले दिल्ली और बेंगलुरु में सीएलपी पर अमल होगा। ● पेज 11

### कम मूल्य पर खरीदारी से बाजारों में तेज उछाल

**मुंबई :** कम मूल्य पर अच्छी कंपनियों के शेयरों की व्यापक खरीदारी के चलते शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेज उछाल दर्ज रहा। सेंसेक्स 1,961.32 अंक की तेजी के साथ 79,117.11 पर जाकर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 557.35 अंक के उछाल के साथ 23,907.25 अंक पर जाकर बंद हुआ। गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार पांच महीने के निचले स्तर पर पहुंच गए थे। ● पेज 12

### जीवित युवक को मृत घोषित कर डीप फ्रीजर में रखा

**जयपुर :** राजस्थान में सरकारी अस्पताल के डाक्टरों ने लापरवाही की हद पार कर दी। झुंझुनूं के जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए 25 वर्षीय मूक-बधिर युवक को डाक्टरों ने कुछ ही देर बाद मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करा दी और युवक को डीप फ्रीजर में रखवा दिया। दो घंटे बाद अंतिम संस्कार के लिए भेजा गया तो शरीर में हलचल हुई। हालांकि, अस्पताल ले जाने के 12 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। ● पेज 15

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर

**सुकमा:** नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में सुरक्षाबलों को एक और बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें तीन महिलाएं हैं। सभी के शव बरामद किए जा चुके हैं। मुठभेड़ स्थल से एके-47, इंसास, एसएलआर, एक सिंगल शाट व पांच भरमार व पिस्टल बरामद किए गए हैं। ● पेज 17

### वाट्सएप पर वायस मैसेज भी पढ़ सकेंगे

**नई दिल्ली :** कई बार शोरशराबे वाली जगहों पर होने के कारण आपको वाट्सएप के वायस मैसेज को सुनने में दिक्कत होती होगी, लेकिन यह समस्या अब दूर होने वाली है। अब आप वाट्सएप के वायस मैसेज को पढ़ भी सकेंगे। वाट्सएप ने अपने यूजर्स के लिए वायस मैसेज ट्रांसक्रिप्शन फीचर पेश किया है। ● पेज 17




देखें जागरण सिटी

jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें

**नई मिसाइल से खलबली**
आवाज से भी तेज स्पीड, 5,000 किमी की रेंज, पुतिन की नई मिसाइल से यूक्रेन से लेकर अमेरिका तक में खलबली

दैनिक जागरण झंकार जिंदगी की

**हम भारत के नागरिक**
प्रत्येक नागरिक के लिए अवसर की आश्वस्ति कैसे देता है संविधान

**अलौकिक रक्षक**
प्रवेशद्वारों पर सजी खौफनाक आकृतियों का क्या है रहस्य



**मुझसे बात मत करो**
इंडस्ट्री में 35 साल पूरे कर रहे मुरली शर्मा क्यों बात करने से कतराने लगे हैं
पढ़ें इस रविवार

ग्रेप-4 के प्रतिबंधों के बावजूद राजधानी में **भारी वाहनों का प्रवेश जारी रहने पर** शीर्ष अदालत नाराज

# प्रदूषण पर दिल्ली सरकार व पुलिस को फटकार

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति भले ही पहले के मुकाबले थोड़ी सुधरी है, लेकिन अभी भी यह जिस तरीके से खतरनाक श्रेणी में बनी हुई है, उसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल ग्रेप-4 (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) जारी रखने का फैसला लिया है। साथ ही कहा कि वह सोमवार यानी 25 नवंबर को वायु प्रदूषण की स्थिति को जांचेगा और यह देखेगा कि ग्रेप-4 को प्रभावी ढंग से लागू किया गया या नहीं। उसके बाद ही ग्रेप-4 को हटाने या नहीं हटाने को लेकर कोई निर्णय लेगा। कोर्ट को जब बताया गया कि ग्रेप-4 लगे होने के बाद भी दिल्ली में भारी वाहनों का धड़ल्ले से प्रवेश जारी है, विशेषकर गैरजरूरी सामान की ढुलाई करने वाले भारी वाहनों का, तो कोर्ट ने दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को फटकार भी लगाई।

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस अगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़े वायु प्रदूषण पर शुक्रवार को फिर सुनवाई की। इस दौरान पीठ ने कहा कि ग्रेप-4 प्रतिबंधों के तहत जब दिल्ली में भारी वाहनों को प्रवेश नहीं हो सकता तो फिर यह कैसे हो रहा है। कोर्ट ने ग्रेप-4 प्रतिबंधों को लागू करने में बरती गई ढिलाई पर नाखुशी जताई। दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण में करीब 20 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों से प्रदूषण की मानी जाती है। कोर्ट ने इसके साथ ही दिल्ली में प्रवेश के सभी 113 रास्तों पर दिल्ली पुलिस को चेक पोस्ट बनाने के निर्देश दिए। इनमें भारी वाहनों के प्रवेश के 13 मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग व ब्योरा भी मांगा। कोर्ट ने दिल्ली में प्रवेश के विभिन्न मार्गों की जांच के लिए शीर्ष अदालत के 13 अधिवक्ताओं को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया है, जो देखेंगे कि भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध को लागू किया जा रहा है या नहीं। ये अधिवक्ता सोमवार को अपनी रिपोर्ट देंगे।



- ग्रेप-4 के प्रतिबंधों को हटाने या नहीं हटाने का फैसला अब सोमवार को करेगा
- भारी वाहनों के प्रवेश का मांगा ब्योरा, प्रवेश के सभी मार्गों पर बनेंगी चेक पोस्ट
- प्रवेश मार्गों की जांच को 13 अधिवक्ताओं को नियुक्त किया कोर्ट कमिश्नर

### 'मुफ्त चीजों पर खर्च हो रहा पैसा, इससे नहीं बनेगा बुनियादी ढांचा'

**नई दिल्ली:** अतिक्रमण से जुड़े एक मामले में सुनवाई के दौरान गंभीर टिप्पणी करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि नेता दिल्ली के विकास के लिए न तो कोई पैसा इकट्ठा कर रहे हैं और न ही खर्च कर रहे हैं। नेता केवल मुफ्त चीजों पर खर्च कर रहे हैं, जिससे कोई बुनियादी ढांचा नहीं बनेगा। नागरिकों की जरूरत के अनुसार दिल्ली के बुनियादी ढांचे को बनाने में विफलता पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए अदालत ने कहा कि सिविक प्रशासन ध्वस्त हो गया और राजनीतिक वर्ग नारे बेचने में व्यस्त है। ● पेज 6

**राजधानी में दो दिनों में गिरा प्रदूषण का स्तर : एएसजी** >> पेज 6
संबंधित >> पेज 8

## फिर बिगड़ी हवा की गुणवत्ता, देश में सर्वाधिक प्रदूषित शहर बनी दिल्ली

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** राजधानी में दो दिन थोड़ी राहत के बाद शुक्रवार को प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ गया। दिन में स्माग कम होने से आसमान साफ रहा व हल्की धूप भी निकली, लेकिन सुबह-शाम स्माग अधिक रहा। इससे शाम होते-होते हवा की गुणवत्ता फिर गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स देश में सबसे अधिक 393 रहा, जबकि बिहार का हाजीपुर 389 एक्यूआइ के साथ दूसरा सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शुक्रवार शाम देश के 264 शहरों की रिपोर्ट जारी की।

दूसरी ओर स्विस कंपनी के एप आइक्यूएयर ने सुबह 10:30 से 11:30 बजे के बीच दिल्ली का एयर इंडेक्स 533 और शाम साढ़े चार बजे 296 बताया, लेकिन सात बजे इस एप ने एयर इंडेक्स 340 बताया। एप ने हवा की गुणवत्ता को खतरनाक बताया, लेकिन सीपीसीबी द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार इंडेक्स 340 हो तो हवा की गुणवत्ता बेहद खराब मानी जाती है। सीपीसीबी के अनुसार, शाम छह बजे के बाद दिल्ली का एयर इंडेक्स बढ़कर गंभीर श्रेणी में 401 हो गया और शाम सात बजे 405 पर पहुंच गया।

- सीपीसीबी ने 393 बताया एक्यूआइ, आइक्यूएयर ने दिखाया 296
- शाम को एक्यूआइ हुआ 405 तो आइक्यूएयर ने बताया 340

**कहां कितना एक्यूआइ**

| शहर | सीपीसीबी | आइक्यूएयर |
|---|---|---|
| दिल्ली | 393 | 296 |
| नोएडा | 312 | 182 |
| गाजियाबाद | 302 | 179 |
| गुरुग्राम | 302 | 223 |
| फरीदाबाद | 292 | 185 |
| ग्रेटर नोएडा | 262 | 159 |

आंकड़ा शाम साढ़े चार बजे का है

**39 में 23 निगरानी केंद्रों में पाया गया 400 से अधिक एक्यूआइ** >> पेज 8

## रेवड़ी पर चर्चा से आम आदमी पार्टी साधेगी चुनावी राजनीति




आप कार्यालय में राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, रास सदस्य संजय सिंह (बाएं) व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रेवड़ी पर चर्चा अभियान की शुरुआत की ● जागरण

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को रेवड़ी पर चर्चा अभियान शुरू कर राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। अभियान के तहत दिल्ली सरकार की ओर से दी जा रहीं छह रेवड़ियों (दिल्ली के लोगों को दी जा रहीं सुविधाएं) पर जनता से चर्चा की जाएगी। पार्टी लोगों को बताएगी कि भाजपा को वोट दिया तो 24 घंटे बिजली, मुफ्त बिजली व पानी, शानदार शिक्षा, सरकारी अस्पतालों में शानदार इलाज, महिलाओं को बस यात्रा और बुजुर्गों को तीर्थयात्रा की रेवड़ी बंद हो जाएगी।

केजरीवाल ने छह रेवड़ियों का पोस्टर भी जारी किया। यह अभियान 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा। कहा कि जनता का पैसा है तो उस पर पहला हक भी जनता का है। अब बहुत जल्द सातवीं रेवड़ी भी आने वाली है, जिसमें हर महिला के खाते में हर महीने हजार-हजार रुपये डालने की शुरुआत की जाएगी।

- रेवड़ी पर चर्चा अभियान के तहत करेगी 65 हजार बैठकें
- केजरीवाल ने कहा, सिर्फ आप ही जनता को दे सकती है रेवड़ियां

**रेवड़ियों के पर्चे बांटेंगे आप के जिला और बूथ स्तर के पदाधिकारी** >> पेज 8
संबंधित >> पेज 8
**समग्र विकास जरूरी** >> संपादकीय

# भारत की सख्ती के बाद कनाडा ने मारी पलटी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** कुछ दिन पहले कनाडा की सुरक्षा एजेंसियों के आला अधिकारी वहां के मीडिया में यह खबर प्लांट करा रहे थे कि भारत सरकार के शीर्ष स्तर पर बैठे अधिकारियों ने कनाडा में अपराध कराने का निर्देश दिया था। वहां के मीडिया में इस बारे में खबरें भी प्रकाशित हो रही थीं। भारत सरकार के लगातार सख्त रुख अपनाने के बाद अब कनाडा सरकार ने इस बात का खंडन किया है कि उसके पास ऐसी कोई जानकारी है, जिससे यह पुष्टि होती हो कि वहां मारे गए खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर या इस तरह के जो दूसरे अपराध हुए हैं, उनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर एवं एनएसए अजीत डोभाल की कोई भूमिका है।

अभी तीन दिन पहले ही कनाडा के एक प्रमुख समाचारपत्र ने इस संदर्भ में खबर प्रकाशित की थी कि खालिस्तान समर्थक आतंकियों की हत्या की साजिश को लेकर भारतीय पीएम मोदी व विदेश मंत्री जयशंकर को जानकारी थी। यह खबर कनाडा सरकार के उच्च पदस्थ अधिकारियों के हवाले से छपी थी। यह पहला मौका नहीं है, जब कनाडा की तरफ से इस तरह से विरोधाभासी बयान आए हों। कनाडाई संसदीय समिति के समक्ष स्वयं प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो स्वीकार कर चुके हैं कि जब निज्जर हत्याकांड मामले में उन्होंने भारतीय एजेंसियों पर आरोप लगाए थे, तब उनके पास पक्के सुबूत नहीं थे। भारत ने दो दिन पहले कनाडा सरकार की तरफ से वहां के मीडिया में भारत के शीर्ष नेताओं की छवि खराब करने की कोशिशों पर आपत्ति जताई थी।



- अब कहा, कनाडा में आपराधिक गतिविधियों में मोदी, जयशंकर या डोभाल का हाथ नहीं
- तीन दिन पहले तक कनाडाई मीडिया सरकारी सूत्रों के हवाले से लगा रहा था अनर्गल आरोप



कनाडा सरकार के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है और न ही मैं किसी ऐसी जानकारी के बारे में जानती हूं, जो कनाडा के किसी गंभीर आपराधिक मामले में प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर या एनएसए डोभाल की भूमिका से संबंधित हो। इस बारे में कोई भी सूचना गलत एवं अटकलबाजी है।
**-नथाली जी डुन**, प्रधानमंत्री ट्रूडो की सलाहकार (राष्ट्रीय सुरक्षा व खुफिया विभाग)

**बिगड़े हैं कनाडा के रिश्ते** >> पेज 17

# उप्र में 72 वर्ष पुराने रिकार्ड पर ही मानी जाएगी वक्फ की भूमि

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ:** अब वक्फ बोर्ड के कहने भर से कोई भी भूमि उसकी नहीं मान ली जाएगी। उसी भूमि को वक्फ का माना जाएगा, जो फसली वर्ष 1359 (वर्ष 1952) के अहम माने जाने वाले राजस्व अभिलेख में बतौर वक्फ दर्ज होगी। बोर्ड द्वारा किसी भूमि को वक्फ की बताते हुए अतिक्रमण भी तभी हटाया जा सकेगा, जब वह संबंधित राजस्व रिकार्ड में वक्फ के नाम होगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश वक्फ नियमावली-2024 को लागू करने संबंधी अहम प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वक्फ संपत्तियों को लेकर चल रहे विवादों के निस्तारण में तेजी, संपत्तियों के पारदर्शी आवंटन व विभिन्न मामलों में अस्पष्टता की स्थिति को दूर करने के लिए वक्फ अधिनियम-1995 के तहत वक्फ नियमावली बनाई गई है। उन्होंने बताया कि अब तक वक्फ बोर्ड के किसी भूमि को वक्फ घोषित करने के छह माह में राजस्व विभाग द्वारा कुछ न करने पर संबंधित भूमि स्वतः वक्फ की हो जाती थी। नियमावली में इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। अब उसी भूमि पर वक्फ का दावा माना जाएगा, जो फसली वर्ष 1359 तक के राजस्व अभिलेख में बतौर वक्फ दर्ज होगी। 1359 के बाद वक्फ के नाम से दर्ज की गई भूमि के संबंध में निर्णय उप्र सरकार करेगी।

- फसली वर्ष 1359 का राजस्व रिकार्ड बनेगा आधार, कैबिनेट ने वक्फ नियमावली को दी मंजूरी
- बोर्ड के कहने से नहीं, वर्ष 1952 के राजस्व अभिलेख में वक्फ दर्ज होने पर ही हटेगा अतिक्रमण

जुर्माना भी वसूलने की व्यवस्था >> पेज 11






## आज का मौसम

शनिवार सुबह स्माग व मध्यम स्तर का कोहरा हो सकता है। दिन में आसमान साफ रहेगा। शाम को स्माग व हल्का कोहरा हो सकता है।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | | |
| 23 नवंबर | 28.0 | 12.0 |
| 24 नवंबर | 27.0 | 13.0 |
| नोएडा | | |
| 23 नवंबर | 27.0 | 14.0 |
| 24 नवंबर | 27.0 | 14.0 |
| गुरुग्राम | | |
| 23 नवंबर | 25.0 | 13.0 |
| 24 नवंबर | 24.0 | 13.0 |

डिग्री सेल्सियस में




## एयर क्वालिटी इंडेक्स

| | | |
|---|---|---|
| **बुलंदशहर** | | |
| आज का अनुमान | 233 | खराब |
| शुक्रवार | 215 | खराब |
| **एयरपोर्ट** | | |
| आज का अनुमान | 392 | बहुत खराब |
| शुक्रवार | 380 | बहुत खराब |
| **अशोक विहार** | | |
| आज का अनुमान | 449 | गंभीर |
| शुक्रवार | 435 | गंभीर |
| **लोधी रोड** | | |
| आज का अनुमान | 363 | बहुत खराब |
| शुक्रवार | 356 | बहुत खराब |
| **चांदनी चौक** | | |
| आज का अनुमान | 407 | गंभीर |
| शुक्रवार | 396 | बहुत खराब |
| **गुरुग्राम** | | |
| आज का अनुमान | 307 | बहुत खराब |
| शुक्रवार | 302 | बहुत खराब |
| **गाजियाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 308 | बहुत खराब |
| शुक्रवार | 302 | बहुत खराब |
| **ग्रेटर नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 272 | खराब |
| शुक्रवार | 262 | खराब |
| **फरीदाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 318 | बहुत खराब |
| शुक्रवार | 292 | खराब |
| **नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 328 | बहुत खराब |
| शुक्रवार | 312 | बहुत खराब |

| | | |
|---|---|---|
| 0 | 50 | अच्छा |
| 51 | 100 | संतोषजनक |
| 101 | 200 | मध्यम |
| 201 | 300 | खराब |
| 301 | 400 | बहुत खराब |
| 401 | 500 | गंभीर |
| 501 से आगे | | आपातकालीन |

संगिनी
आज पढ़ें...
• चलो घूम आएं
• अपनी राय देने से डरती नहीं हूं: छवि मित्तल



पढ़ें पेज » 13

# कानून व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं

## गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, अपराध पर अंकुश नहीं लगा तो बदल दिए जाएंगे अधिकारी

राकेश कुमार सिंह • जागरण

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गृह मंत्रालय में दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कर राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर गृह मंत्री ने कहा कि अपराध के प्रति सरकार की जीरो टालरेंस की नीति है, इसलिए दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजधानी में बढ़ते अपराध को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए गृह मंत्री ने साफ कहा कि अगर अपराध पर जल्द अंकुश नहीं लगाया गया तो मुखिया से लेकर नीचे तक के सभी अधिकारी बदल दिए जाएंगे।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन, पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा, आइबी डायरेक्टर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे • सौ.: दिल्ली पुलिस

उन्होंने स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच को खासतौर पर बहुत ही गंभीरता से काम करने की चेतावनी दी। करीब दो घंटे चली बैठक में शाह ने प्रत्येक दिल्लीवासी को सुरक्षित महसूस कराने के महत्व को रेखांकित किया और इस बात पर जोर दिया कि शहर की सुरक्षा में जनता का विश्वास सुनिश्चित करना प्रत्येक पुलिस अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। कानून व्यवस्था बेहद चाक-चौबंद हो ताकि दिल्लीवासी खुद को पुर्णतः सुरक्षित महसूस करें। यह हर पुलिसकर्मी की व्यक्तिगत जवाबदेही भी होगी।

कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए गृह मंत्री को पहले दिल्ली पुलिस मुख्यालय आना था, लेकिन बृहस्पतिवार शाम किसी कारण से उनका मुख्यालय आने का कार्यक्रम रद हो गया। उसके बाद पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा समेत विशेष आयुक्त रैंक के छह अधिकारियों को गृह मंत्रालय ही बुला लिया गया। बैठक में उन्होंने नागरिक सुरक्षा से संबंधित प्रमुख क्षेत्रों को लक्षित करते हुए विशेष कार्ययोजना विकसित करने और केंद्रीय अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस को देखकर दिल्लीवासियों के मन में सुरक्षा का भाव जगे और अपराधियों में खौफ पैदा हो। शाह ने पुलिस विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार को लेकर भी इस पर लगाम लगाने को कहा। दिल्ली पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन पहली बार फायदे में आया है। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई।

### पुलिस आयुक्त ने दिया कामकाज पर प्रजेंटेशन

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने पुलिस के कामकाज पर प्रजेंटेशन दिया, जिसे गृह मंत्री ने गंभीरतापूर्वक देखा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आइबी डायरेक्टर, दिल्ली पुलिस के दोनों विशेष आयुक्त रवींद्र सिंह यादव, मधुप तिवारी और विवेक गोगिया, नीरज ठाकुर, नुजहत हसन समेत कई अधिकारी मौजूद थे।




# चांदनी चौक में हो रहा जुआ व हफ्तावसूली, पुलिस कुछ नहीं कर रही : हाई कोर्ट

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** चांदनी चौक में जुआ खेलते लोगों से लेकर हफ्ता वसूली पर हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस समेत अन्य एजेंसियों के अधिकारियों की शुक्रवार को जमकर खिंचाई की। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने इलाके की तस्वीरें देखीं और पाया कि लोग वहां जुआ खेल रहे हैं, मगर दिल्ली पुलिस कुछ नहीं कर रही है। अदालत ने पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि पुलिस असहाय हो गई। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) पर सवाल उठाते हुए कहा कि आपके अधिकारी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं और इलाके में जमकर हफ्तावसूली हो रही है।

चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल की तरफ से दायर जनहित याचिका पर अदालत ने एमसीडी व पीडब्ल्यूडी से पूछा कि लोग सार्वजनिक स्थानों पर कैसे रह सकते हैं? अदालत ने एमसीडी व दिल्ली पुलिस को तत्काल इलाके से अतिक्रमण हटाने व अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, शाहजहानाबाद पुनर्विकास निगम लिमिटेड (एसआरडीसी), दिल्ली पुलिस और यातायात पुलिस को दो सप्ताह के भीतर अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके अलावा संबंधित पुलिस उपायुक्त और पीडब्ल्यूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी को सुनवाई की अगली तारीख पर 13 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का भी निर्देश दिया।




**हाई कोर्ट ने एमसीडी व पुलिस को लगाई फटकार, पीडब्ल्यूडी अधिकारी व डीसीपी को अगली सुनवाई पर पेशी का दिया आदेश**

याचिकाकर्ता संगठन की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव रल्ली ने अदालत के समक्ष तस्वीरें पेश कर कहा कि नशेड़ियों और आवारा लोगों ने मुख्य चांदनी चौक रोड पर इकट्ठा होना शुरू कर दिया है। फेरीवालों समेत अन्य द्वारा नो-वेंडिंग जोन में अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसे अधिकारियों ने अनियंत्रित छोड़ दिया गया है। याचिकाकर्ता संगठन ने कहा कि चांदनी चौक पुनर्विकास परियोजना पर 140 करोड़ रुपये खर्च किया, लेकिन सार्वजनिक बर्बाद हो रहा है।

इस पर पीठ ने कहा कि पीडब्ल्यूडी बेघर लोगों के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं कर रहा है। कुछ भी नहीं किया गया है, यही वजह है कि ये बेघर लोग यहां सड़कों पर रह रहे हैं। अदालत ने स्वीकार किया कि उसने कुछ महीनों के लिए निगरानी बंद कर दी और स्थिति खराब हो गई। वर्ष 2020 में चांदनी चौक की खस्ताहाल स्थिति को देखते हुए मामले का स्वतः संज्ञान लेकर अदालत ने जनहित याचिका शुरू की थी और अदालत की निगरानी में कई अहम निर्देश पारित किए गए थे।

# एम्स न्यूरो सेंटर में लगेगी रोबोटिक सर्जरी की मशीन

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** एम्स मरीजों को इलाज की अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रोबोटिक सर्जरी की सुविधा बढ़ाने की तैयारी में जुटा है। इसी क्रम में एम्स ने न्यूरो सेंटर में रोबोटिक सर्जरी की मशीन लगाने की टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। टेंडर आवंटन के बाद करीब आठ माह में यह मशीन न्यूरो सेंटर में लग जाएगी। इससे एम्स में न्यूरो सर्जरी के डाक्टर न्यूरो से संबंधित स्पाइन सर्जरी सहित न्यूरो की कई बीमारियों की सर्जरी कर सकेंगे।

हाल ही में एम्स ने कैंसर सेंटर में भी रोबोटिक मशीन लगाने के लिए पहल की है और टेंडर जारी किया था। इसके अलावा सर्जिकल ब्लाक में रोबोटिक मशीन लगाने के लिए टेंडर आवंटित हो जाएगा। एम्स में रोबोटिक सर्जरी की दो मशीनें पहले से उपलब्ध हैं, जिसमें एक मशीन यूरोलाजी विभाग की आपरेशन थियेटर में लगी है और दूसरी रोबोटिक मशीन आर्थोपेडिक विभाग के आपरेशन थियेटर में लगी है। आर्थोपेडिक विभाग के आपरेशन थियेटर में लगी मशीन से रीढ़ में विकार से संबंधित बीमारियों की रोबोटिक सर्जरी की जाती है।



- न्यूरो सेंटर ने रोबोटिक मशीन खरीदने के लिए शुरू की प्रकिया
- सर्जिकल ब्लाक व कैंसर सेंटर में भी लगने वाली है रोबोटिक मशीन

सर्जिकल ब्लाक, कैंसर सेंटर और न्यूरो सेंटर में रोबोटिक मशीन लगने के बाद एम्स में कुल पांच रोबोटिक सर्जरी की मशीनें उपलब्ध होंगी।


डाक्टर बताते हैं कि रोबोटिक सर्जरी के लिए मरीज को बड़ा चीरा नहीं लगाना पड़ता। इसलिए सर्जरी के दौरान मरीज को ज्यादा रक्तस्राव नहीं होता। मरीजों को अस्पताल से जल्दी छुट्टी मिल जाती है।

न्यूरो सेंटर के लिए रोबोटिक मशीन टेंडर आवंटन होने के बाद छह माह में एम्स पहुंच जाएगी। इसके बाद करीब डेढ़ माह उसे लगाने में समय लगेगा। सर्जिकल ब्लाक में रोबोटिक मशीन जल्द लगेगी।

# सेटेलाइट फोन लेकर एयरपोर्ट पहुंचा अमेरिकी नागरिक पकड़ा

**जासं, पश्चिमी दिल्ली:** सेटेलाइट मोबाइल लेकर आइजीआइ एयरपोर्ट पहुंचे अमेरिकी नागरिक को सीआइएसएफ ने पकड़ा है। आरोपित की पहचान अमेरिका के वर्जीनिया के माइकल जान लुकोव्स्की के रूप में हुई है। सीआइएसएफ ने उसे आइजीआइ एयरपोर्ट थाना पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस प्राथमिकी कर आगे की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार रविवार को दिल्ली से कोलकाता की उड़ान में यात्रा करने के लिए माइकल आइजीआइ एयरपोर्ट पर पहुंचा। उसके बैग की स्क्रीनिंग हुई तो उससे सेटेलाइट फोन बरामद हुआ। भारत में सेटेलाइट फोन के उपयोग पर प्रतिबंध होने की वजह से कार्रवाई की गई।




*********




हमारे उत्तम कलेक्शन को देखने के लिए स्कैन करें.
अब www.reliancejewels.com पर भी उपलब्ध

नई दिल्ली: द्वारका, सेक्टर 11, फोन: 011-41016793/011-46631367 | द्वारका, सेक्टर 13, रिलायंस मॉल, फोन: 9318404355/8368622598
नजफगढ़, फोन: 011-41665014/011-45652193 | पश्चिम विहार, फोन: 011-41020626/27 | पीतमपुरा, फोन: 011-35173551/52
प्रीत विहार, फोन: 011-42151307 | तिलक नगर, फोन: 9811641044 | नोएडा: सेक्टर 18, फोन: 0120-4324524 | गाज़ियाबाद: अंबेडकर रोड,
फोन: 9315085370/9958953556 | नॉर्थ इंडिया मॉल, फोन: 0120-4309244 | गुरुग्राम: गोल्ड सूक मॉल, फोन: 0124-4206405/06
बुलंदशहर: फोन: 8077845033, 7452994403

*********


ATHER
02:15 AM
82%
Family Time
tap here for group info
Darshan
फ़ैमिली हो रही है बड़ी,
तो सवारी क्यों नहीं?!
12
Manish Chachu
नया Rizta मुबारक !!!
8
Maa
Couple ki entry toh dekho
12 9
Pallavi Chachi
हाय! नज़र ना लग जाए!
10
Rohan
Full speed mai aajao didi ko lekar!
14
Introducing
RIZTA
आपकी फ़ैमिली का नया मेम्बर
एथर बनेगा अब हर घर का हिस्सा, अपने नए इलेक्ट्रिक फ़ैमिली स्कूटर, रिज़्टा के साथ।
इसमें है ढेर सारे सेफ़्टी, कम्फ़र्ट और कनेक्टिविटी फ़ीचर्स। आज ही मिलिए अपने नए फ़ैमिली मेम्बर से।
Introductory price
₹ 112 046*
बड़ी सीट°°
56L स्टोरेज**
स्किड कंट्रोल टेक्नोलॉजी
Google Maps Platform
8 साल की बैट्री वारंटी^
159KM IDC रेंज
2700+ पब्लिक फ़ास्ट चार्जर्स
पूरे भारत में सर्विस नेटवर्क
Limited Period Offer
8 Year Battery Warranty
worth of ₹5000^
flexipay
EMI starts at ₹2199 • Loan approval in 10 mins • Zero down-payment
ATHER SPACE EXPERIENCE CENTRE : DELHI, DWARKA - 8139991122, DELHI, LAJPAT NAGAR - 8884704500, DELHI, NAWADA - 8722450011, DELHI, PATPARGANJ - 8884475511, DELHI, ROHINI - 8884404486, DELHI, TILAKNAGAR - 8882118118, DELHI, DILSHAD GARDEN - 7996463636, GHAZIABAD - 7996563636, NOIDA - 8884462266 | ATHER TEST RIDE ZONE : DELHI,GUJRANWALA - 8069390383, DELHI, KAROL BAGH - 8884475511, GURGAON - 8069390383 | For Institutional & bulk enquiries, please contact 8884010044 or write to us at corporate.sales@atherenergy.com
*Effective ex-showroom price of Ather Rizta S 2.9 kWh battery in Delhi. **34L in the boot and additional 22L in the Frunk. °°With 900 mm long seat. #IDC range for Rizta Z 3.7 kWh battery. Declared IDC range figures are as per ARAI IDC standard testing conditions. ^8 year extended battery warranty is complimentary with the upgrade to Pro Pack in Rizta Z 3.7 kWh variant only until 30th Nov 2024. Under flexipay, Ather may form partnerships or alliances with various Banks and/or NBFC's to facilitate financial products, services and offerings. 208 service centers spread across various cities in India. Please contact your nearest Ather Space Experience Center to know the exact offer values. Product shown is for representational purposes only. Actual color, features and specifications may vary. All third party trademarks (including words, logos and icons) referenced by Ather Energy Private Limited remain the property of their respective owners. The only official website of Ather Energy is www.atherenergy.com.

*********

# जागरण सिटी



दैनिक जागरण

# दिल्ली

सबरंग

अच्छा खाओ... प्रदूषण हवा में उड़ाओ ||



संविधान की खाली प्रतियां बांट राहुल कर रहे मजाक : डा. भंते |||

www.jagran.com

## प्रणाम

**व्यापार मेला**

- भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला, भारत मंडपम, समय, सुबह 10 बजे से, 27 नवंबर तक चलेगा।

**समारोह**

- एनआइओएस का 35वां स्थापना दिवस समारोह, विज्ञान भवन में 10:30 बजे से।

**पर्व**

- ओडिशा पर्व 24 नवंबर तक, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शाम 5:30 बजे से।

**दैनिक जागरण कार्यालय**

**स्थानीय ब्यूरो**

प्यारे लाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आइटीओ, दिल्ली

**प्रिय पाठकगण,**

आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं।

संपर्क करें : 8175813532

ईमेल : reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं।

9873067812

## अपराधी गिरफ्तार

**जासं, दक्षिणी दिल्ली:** सरोजिनी नगर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मामले में वांछित घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान डंबर चंद निवासी यूसुफ सराय, दिल्ली के रूप में हुई है। घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई थी।

# प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण चांदनी चौक अतिक्रमण का शिकार

## 140 करोड़ की लागत से बनी परियोजना बदहाल, यही हाल रहा तो एक वर्ष के भीतर चलने लायक भी नहीं बनेगा चांदनी चौक

निहाल सिंह • जागरण

**नई दिल्ली :** देशभर के व्यापार का केंद्र माने जाने वाला चांदनी चौक अतिक्रमण और बदहाली का भी केंद्र बन चुका है। अदालत की निगरानी में 140 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी यहां की स्थितियां दिन ब दिन बिगड़ती जा रही हैं। टूटे बोलार्ड, नाली की जाली और स्ट्रीट फर्नीचर प्रशासन की बंदइंतजामी को बयां कर रहे हैं। गंदगी और असमाजिक तत्वों का कब्जा यहां पर प्रशासन की पोल खोल कर रहा है। चांदनी चौक में दिन में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध के बावजूद बड़ी संख्या में वाहन केवल चलते नजर आते हैं, बल्कि दुकानों के सामने भी अवैध रूप से खड़े रहते हैं। यह चांदनी चौक की सुंदरता पर प्रशासनिक अव्यवस्था का बदनुमा दाग है। यही हालात रहे तो अगले कुछ वर्षों में चांदनी चौक चलने लायक नहीं बचेगा। नियमानुसार तो लाल किला से लेकर फतेहपुर मस्जिद 1.3 किलोमीटर तक के क्षेत्र में एक भी पटरी लगाने की अनुमति नहीं है, लेकिन हजारों की संख्या में पटरियां यहां लगी हुई हैं। रिक्शा जो लोगों की सहूलियत के लिए चलाए गए थे, उसमें अवैध रिक्शों की इतनी भरमार हो गई है कि लोगों का पैदल चलना दूभर है।

कोर्ट की निगरानी में 2018 में चांदनी चौक का सुंदरीकरण का कार्य शुरू हुआ था। इसमें लाल किला से लेकर फतेहपुर मस्जिद तक इसे इस तरह से विकसित किया गया था कि यहां पर पैदल चल सकें और तारों का जाल और सीवर ओवरफ्लो होने की समस्या खत्म हो जाए। सितंबर 2021 में इस परियोजना का उद्घाटन हुआ था। यहां सेंट्रल वर्ज पर पौधे लगाए गए थे, जबकि दिव्यांगों के लिए राजस्थान से आए लाल पत्थर से इस पर बैठने के लिए स्थान बनाए गए थे। आकर्षक लाइटिंग और हेरिटेज आकर्षण देने वाली पत्थर की जालियां बनाकर लगाई गई थी। हालत यह है कि सब टूटा पड़ा है। दिन में कबाड़ बीनने वाले असमाजिक तत्व कूड़ेदानों में प्लास्टिक और अन्य बिक्री का सामान निकालते हैं, जबकि रात में वह सेंट्रल वर्ज पर ही रहते और खाते हैं। दिन में उनके धुले हुए कपड़े भी चांदनी चौक में सुखाने के लिए लटके हुए दिख जाते हैं। यहां पर दिन में वाहनों का पूरी तरह प्रतिबंध है, लेकिन दिन में गाड़ियां चलती हुई आसानी से दिख जाती हैं। बड़ी मात्रा में दुकानों के बाद दोपहिया वाहन खड़े रहते हैं। 400 रिक्शा यहां पर चलाने की अनुमति हैं, लेकिन 2500 रिक्शा यहां पर चल रहे हैं। आधुनिक तरीके से बनाई गई सीवरेज व्यवस्था की पोल वर्षा में कई बार खुल जाती है। यहां पर घुटने भर पानी भर जाता है।




चांदनी चौक में पटरी पर अतिक्रमण • ध्रुव कुमार



हालात बहुत खराब हो रहे हैं। जनता के टैक्स से करोड़ों रुपये लगे, लेकिन लगता नहीं है कि यह ज्यादा दिन और चल पाएगा, क्योंकि जगह-जगह सभी चीजें टूटी पड़ी हैं, लेकिन कोई भी इसकी सुध और जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

**-संतु शर्मा**, व्यापारी, चांदनी चौक



हमारी ही याचिका पर यह सुंदरीकरण हुआ था, लेकिन इसकी मरम्मत से लेकर सफाई का कार्य किस स्थिति में है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि प्रशासन इस पर गंभीर नहीं है। इसमें तुरंत सुधार होना चाहिए। हम इसकी मांग को लेकर ही कोर्ट गए हैं। रिक्शा को बंद करके मुफ्त में गोल्फ कार्ट यहां चलनी चाहिए। इसकी मरम्मत के लिए भी एसओपी बननी चाहिए। - **संजय भार्गव**, अध्यक्ष, चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल

**पुलिस और निगम की है लाखों रुपये प्रतिदिन की कमाई:** चांदनी चौक और सुभाष मार्ग पर एक भी पटरी लगाने की अनुमति नहीं है, लेकिन 3000 अवैध पटरियां यहां लगती हैं। खिलोना बेचने से लेकर लेकर मोबाइल चार्जर, चाट पकौड़ी, कपड़े, जूते व गुटखा आदि बेचने की पटरियां यहां लगी हुई है। सूत्रों के मुताबिक एक पटरी से पांच से सात हजार रुपये की अवैध वसूली एमसीडी और पुलिस प्रशासन की होती है। ऐसे में औसतन दो करोड़ रुपये की अवैध वसूली तो मात्र पटरियों से होती है। ऐसा नहीं है कि पहली बार कोर्ट ने चांदनी चौक को लेकर सख्त रुख अपनाया है। निगम कार्रवाई करने पहुंचता है। पांच-सात दिन व्यवस्था ठीक रहती है और फिर वही हाल हो जाता है, जबकि नियमानुसार एक बार अतिक्रमण हटा दिया जाए तो दिल्ली पुलिस की जिम्मेदारी है कि वह पुनः अतिक्रमण न होने दे, पर दोनों ही विभागों की मिलीभगत और भ्रष्ट अधिकारियों की साठगांठ के चलते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है।


**ऐसी बदहाल हो गई है स्थिति**

- सफाई व्यवस्था की खराब स्थिति
- बेघरों लोगों के रहने का बना ठिकाना
- सिविल डिफेंस कर्मियों की पहले तैनाती हुई थी, लेकिन कुछ दिनों बाद हट गए
- बिजली के तार तो अंडरग्राउंड हो गए, लेकिन अब इंटरनेट और फोन के तार बाहर लटके हुए हैं
- बिना मंजूरी के तय मात्रा से ज्यादा चल रहे हैं रिक्शा
- वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है सुबह नौ से रात नौ बजे तक लेकिन दिन में भी वाहन दौड़ते हुए मिल जाएंगे

# चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में साथ काम करेंगे एम्स, आइआइटी दिल्ली व यूसीएल

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने चिकित्सा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समाधान तैयार करने के लिए यूनिवर्सिटी कालेज लंदन (यूसीएल) के साथ सहयोग शुरू किया है। पहली बार तीनों संस्थान अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्रों का उपयोग करके नई तकनीकों का विकास करने के लिए मिलकर काम करेंगे, जो आज की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में मदद करेंगी। शुक्रवार को तीनों संस्थानों ने अनुसंधान और नवाचार में साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

मेडिकल इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेंटर (एम्स) के प्रमुख प्रोफेसर आलोक ठाकुर ने कहा, "तीनों संस्थानों के बीच यह त्रिपक्षीय साझेदारी कुछ सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने में परिवर्तनकारी कदम का प्रतिनिधित्व करती है। चिकित्सा विज्ञान, इंजीनियरिंग और वैश्विक नीति में अपनी विशेषज्ञता को मिलाकर, हम चिकित्सा प्रौद्योगिकी में नवाचार के लिए मंच बना रहे हैं। शोध और नए क्षेत्रों की खोज के साथ इस साझेदारी को कर्मचारियों और छात्रों के आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रमों, सहयोगी डिग्री, कार्यशालाओं और सम्मेलनों और संयुक्त प्रकाशनों की ओर से बढ़ाया जाएगा। आइआइटी दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंगन बनर्जी ने कहा, हमारा मानना है कि विज्ञान, इंजीनियरिंग और चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके लोगों के जीवन में बदलाव ला सकते हैं। हमारी साझेदारी चिकित्सा प्रौद्योगिकी में लागत प्रभावी नवाचारों के माध्यम से बदलाव लाने के लिए तैयार है। यूसीएल के अध्यक्ष और प्रोवोस्ट डा. माइकल स्पेंस ने कहा, यूसीएल में हम इस अंतर को पहचानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग वैश्विक चुनौतियों को हल करने में क्या बदलाव ला सकता है और हम जानते हैं कि विभिन्न विषयों को एक साथ लाने की शक्ति क्या हो सकती है। हम दो ऐसे प्रसिद्ध भारतीय संस्थानों के साथ इस नई साझेदारी को शुरू करने के लिए सम्मानित और उत्साहित हैं और जानते हैं कि हम लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने के लिए एक साथ मिलकर महान चीजें हासिल करेंगे।



आइआइटी दिल्ली, एम्स और यूसीएल के बीच समझौता ज्ञापन करते आइआइटी दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी व अन्य पदाधिकारी • सौ.- आइआइटी दिल्ली।

# एबीवीपी की सदस्य संख्या पहुंची 55 लाख के पार

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की सदस्य संख्या 55 लाख के पार पहुंच गई है। सदस्य संख्या के मामले में संगठन ने अपना ही रिकार्ड तोड़ दिया है। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में चल रहे विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में परिषद की संगठनात्मक रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष 55,12,470 सदस्यता देशभर से हुई है।

याज्ञवल्क्य शुक्ल ने बताया कि परिषद की सतत सक्रियता से देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के मुद्दों को प्रमुखता से रेखांकित किया है। विद्यार्थी परिषद ने शैक्षणिक संस्थानों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। देश के शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं के लिए सुरक्षा तथा समानता के पक्ष में आवाज उठाने तथा महिलाओं को नेतृत्व देने की दिशा में विद्यार्थी परिषद ने उल्लेखनीय प्रयास किया है।




एबीवीपी के महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल





*T&C apply. Price indicated is an Ex-Showroom (All India) price of XUV700 MT Petrol variant. This offer is valid till 30th November 2024 or till the stock lasts, whichever is earlier. Features shown may vary depending upon the variant.

SOUTH DELHI: KONCEPT AUTOMOBILES: LAJPAT NAGAR: 8448791672, SYNERGY CARS: SAFDARJUNG ENCLAVE: 8448791662, SHIVA AUTO: SAKET: 7669763680, MALWA MOTORS: MAHIPALPUR: 9289773666, UNITED AUTOMOBILES: MOHAN ESTATE: 9289624154, KONCEPT AUTOMOBILES: • OKHLA PHASE 1: 8448791672, • SOUTH WEST DELHI: SHUBAN SAI MAHINDRA MARBLE MARKET, DWARKA/SEC 20, 8178101584, MADHU VIHAR, RAJAPURI: 8178101995 NAJAFGARH: 8178102134 • CENTRAL DELHI: MALWA MAHINDRA: KAROL BAGH: 9289524166, DARYAGANJ: 9289923362, 9289809360, • WEST DELHI: SRI DURGA: MOTI NAGAR: 7290055624, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: PEERAGARHI: 7290055619, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: JANAKPURI: 9821500363, MALWA MAHINDRA: NARAINA: 92056 66547 • EAST DELHI: INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: ASHOK NAGAR: 9953424546, SHIVA AUTO: DILSHAD GARDEN METRO STATION/PATPARGANJ/NIRMAN VIHAR: 8929172582 NORTH DELHI: INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: WAZIRPUR: 7290055619, SHAKTI NAGAR: 9311011260, NARELA 9289263814 • NORTH WEST DELHI: INDRAPRASTHA AUTOMOBILES: PRASHANT VIHAR: 9289263813 FARIDABAD: UNITED AUTOMOBILES: NHPC CHOWK: 7428081681, PRIME AUTOMOBILES: YMCA CHOWK/HODAL/PALWAL: 7290055625 • NOIDA: KONCEPT AUTOMOBILES: NOIDA (SEC-2): 9289937566, NOIDA(SEC-63/75): 9289937566 • GREATER NOIDA: KONCEPT AUTOMOBILES: GREATER NOIDA WEST/JEWAR: 9289937566, • GURUGRAM: KONCEPT AUTOMOBILES: MG ROAD: 9289117279, SOHNA ROAD: 9289117279, RAJEEV CHOWK: 9289117279, SOHNA: 9289117279, ARAV MOTORS: MANESAR: 9289220861, DEE EMM: ATUL KATARIA CHOWK/PATAUDI/SECTOR-14: 8929648040, GOLF COURSE: 8929648021 GHAZIABAD: SHIVA AUTO: VAISHALI METRO STATION: 7290055615, LONI: 7290055612, MODINAGAR: 07669700992, LOHIA NAGAR: 7290055612, HAPUR: 7290055614, BULANDSHAHAR: 7617595010, 8929068709 • HARYANA: LOHCHAB MOTORS: JHAJJAR/BAHADURGARH/ROHTAK/MEHAM: 8059888800, DEWANFOURWHEELS PVT LTD: REWARI-8607600241, 8607600251, DHARUHERA-8607600207, NARNAUL-8607600220, 8607600243, MOHINDERGARH-8743812345, PP AUTOMOTIVE: SONIPAT/PANIPAT/KARNAL: 7574808718


*********

## बद्दी गिरोह का शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जासं, दक्षिणी दिल्ली:** दक्षिणी पश्चिम जिला पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से दो चोरी की बाइक व एक स्कूटी बरामद की। पुलिस के मुताबिक टीम को बद्दी गिरोह के सक्रिय वाहन चोर को लेकर 21 नवंबर को सूचना मिली। टीम ने दिल्ली कैंट इलाके में जाल बिछाया और उसे पकड़ लिया। आरोपित की पहचान अरुण निवासी पुराना नांगल, दिल्ली कैंट के रूप में हुई है। आरोपित चोरी की बाइक पर सवार होकर आसान चोरी की वारदात को अंजाम देने जा रहा था। आरोपित नशे का आदी है। इस लत को पूरा करने के लिए वह वाहनों की चोरी करता है। उसने अपने साथी बद्दी के साथ मिलकर पहले भी कई वाहन चुराए हैं, जो वर्तमान में जेल में बंद है। बद्दी अपना खुद का गिरोह चलाता था।

# प्रतिबंध के बावजूद हो रहा भवन निर्माण

## ग्रेप-4 लागू होने के बाद भी पुरानी दिल्ली के कई इलाकों में चल रहा भवन निर्माण का कार्य

मोहम्मद साकिब • जागरण

- भवन निर्माण कार्यों से लोगों को हो रही परेशानी, बिल्डरों की दबंगई के चलते नहीं कर रहे शिकायत
- सड़कों पर पड़ा है निर्माण कार्यों का सामान, बाहर से तिरपाल ढक किया जा रहा निर्माण

**नई दिल्ली:** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया है। इसे देखते हुए निर्माण कार्य समेत ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू हैं। इसके बावजूद पुरानी दिल्ली की तंग गलियों में धड़ल्ले से लोग निर्माण कार्य करवा रहे हैं। इससे दिनभर उड़ने वाली धूल हवा में मिलकर लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रही है। बिल्डरों की दबंगई के चलते न तो लोग शिकायत कर रहे और न ही सिविक एजेंसियों को इसकी फिक्र है।

प्रदूषण को लेकर लागू की गईं सख्त पाबंदियों के बावजूद सुईवालान, कलां महल व दरिया गंज के गोलचा सिनेमा के पीछे और पहाड़ी भोजला इलाके में भवन निर्माण कार्य चल रहे हैं। यहां कई जगहों पर तो सड़क पर ही ईंट, रेत व सीमेंट आदि सामान फैला हुआ है, जिससे हवा चलने व गाड़ियों के निकलने पर वह हवा में फैल कर प्रदूषण बढ़ा रहा है।

आसपास में रहने वाले लोगों को इससे परेशानी उठानी पड़ रही है, लेकिन इलाके में बिल्डरों की दबंगई के चलते कोई भी इनकी शिकायत करने के लिए आगे नहीं आ रहा है।


सुईवालान क्षेत्र में खुले में रखी गई भवन निर्माण सामग्री • जागरण

जल्द इमारत खड़ी कर पैसा कमाने के लालच में यहां के बिल्डरों को आसपास रहने वालों की जरा भी फिक्र नहीं है।

पुरानी दिल्ली की तंग गलियों में चल रहे भवन निर्माण कार्यों को लेकर कार्रवाई से बचने के लिए ये लोग इमारत को बाहर की तरफ से तिरपाल से ढककर अंदर कार्य करवा रहे हैं। इन इमारतों में तिरपाल की आड़ में कार्य कर रहे श्रमिकों ने बताया कि हम रोजाना कमाकर खाने-पीने वाले हैं। हमारे लिए प्रदूषण के प्रकोप से ज्यादा पेट पालना महत्वपूर्ण है।

> वैसे तो नियमों के पालन की जिम्मेदारी पुलिस की है, लेकिन वह कार्रवाई न्हीं कर रही है तो हम अपने इंजीनियरों के माध्यम से इस पर कार्रवाई कराएंगे। प्रदूषण नियंत्रण में नागरिकों की भूमिका अहम है। लोगों से अपील है कि वह जो-जो नियम सरकार की ओर से जारी किए जा रहे हैं उनका पालन करें।
>
> **-मो. सादिक,** चेयरमैन, सिटी सदर पहाड़गंज जोन

## हत्या मामले में भगोड़ा घोषित महिला गिरफ्तार

**जासं, नई दिल्ली:** वर्ष 2021 में थाना अमन विहार में हुए हत्या के मामले में भगोड़ा घोषित महिला आरोपित को क्राइम ब्रांच की टीम ने हरियाणा के भिवानी से गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला की पहचान किराड़ी निवासी हेमलता के रूप में हुई है, जिसे रोहिणी कोर्ट ने बीते वर्ष 16 मार्च को भगोड़ा घोषित किया था।

क्राइम ब्रांच के उपायुक्त के अनुसार मामले की जांच के दौरान पता चला था कि हेमलता ने अपराध के हथियार को छिपाया था और उसके पति आरोपित राहुल को खून से सने कपड़े आदि जैसे सुबूतों को नष्ट करने में भी मदद की थी। घटना के पांच माह बाद राहुल और हेमलता को मामले में गिरफ्तार किया गया। हेमलता को जमानत मिल गई थी, लेकिन जमानत मिलने के बाद वह अदालती कार्यवाही में शामिल नहीं हुई और फरार हो गई। क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि आरोपित महिला हरियाणा के भिवानी में छिपी हुई है।

## 'संविधान की खाली प्रतियां बांट राहुल कर रहे लोगों से मजाक'

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमलावर भारतीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. भंते संघप्रिय राहुल ने कहा कि वे संविधान की खाली प्रतियां बांटकर देशवासियों के साथ गंदा मजाक कर रहे हैं। साथ ही संविधान के नाम पर राजनीतिक लाभ के लिए देशवासियों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। हम जैसे आंबेडकर के अनुयायी उनके षडयंत्र को सफल नहीं होने देंगे।


डा. भंते संघप्रिय राहुल •

प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि भारतीय बौद्ध संघ की ओर से संविधान की एक लाख से अधिक सच्ची प्रतियां बांटकर देश में लोकतंत्र को सशक्त करने के साथ इस तरह के षड्यंत्रों का पर्दाफाश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर भारतीय संविधान दिवस से संविधान की प्रतियां बांटने का यह अभियान शुरू होगा, जो अगले वर्ष तीन फरवरी तक चलेगा। शुभारंभ कार्यक्रम एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर तो समापन समारोह तालकटोरा स्टेडियम में होगा, जिसमें केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के साथ देशभर से आंबेडकर अनुयायी मौजूद रहेंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया ने आरोप लगाया गया कि कांग्रेस की ओर से संविधान की गरिमा को ठेस पहुंचाने, मन मुताबिक तथ्यों को बदलने का काम आरंभ से किया गया। जब संविधान बन रहा था तब भी कांग्रेस ने अपनी मनमर्जी से अपने हितों को ध्यान में रखते हुए आंबेडकर के विरोध के बावजूद संविधान से छेड़छाड़ की। कानून की नियमावलियों को बदला। धाराओं में तुगलकी अधिनियम जोड़े और उसका भावार्थ जन व देश विरोधी बनाया।

## हत्या प्रयास के मामले में फरार आरोपित को पुलिस ने दबोचा

**जासं, नई दिल्ली:** कालिंदी कुंज थाने में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपित को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपित इसी वर्ष मार्च से फरार था और वह गिरफ्तारी से बच रहा था। उसकी पहचान सरिता विहार निवासी 31 वर्षीय सुखवीर के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के उपायुक्त विक्रम सिंह के अनुसार 25 मार्च को मदनपुर खादर में झगड़े के बाद पीड़ित अनुराग कुमार पर आरोपित ने चाकू से हमला कर दिया था। टीम को जानकारी मिली कि सुखवीर दिल्ली के मीठापुर इलाके में अपने दोस्त से मिलने आ रहा है।

## डीयू के उत्तरी परिसर से खाली हो गया जायके का कोना

- हर कोई पिंकी अंकल के भेलपूरी के स्वाद का दीवाना था
- स्वाद व उनकी हाजिर जवाबी लोगों को आ रही है याद

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** क्या छात्र, क्या प्रोफेसर और क्या ही कर्मचारी। दिल्ली विश्वविद्यालय में हर कोई पिंकी अंकल के भेलपूरी के स्वाद का दीवाना था। सिर्फ स्वाद ही नहीं, उनकी हाजिर जवाबी लोगों को याद आ रही है। डीयू के उत्तरी परिसर का यह वह हिस्सा था, जहां छात्र पंचायत लगाकर गासिप करते थे और नए दोस्त बनाते थे, लेकिन 40 साल से विधि संकाय के पास का कोना 17 नवंबर को सूना हो गया। जब भेलपुरी के जायके से डीयू का दिल जीतने वाले पिंकी अंकल दुनिया को अलविदा कहकर चले गए।

सुनील सेठी, जिन्हें छात्र प्यार से पिंकी अंकल के नाम से जानते थे, डीयू के विधि संकाय के पास भेल पूरी बेचते थे। यह स्थान छात्रों के लिए जायके तक सीमित नहीं था। यहां आकर उनका सारा तनाव दूर हो जाता था। उनका जायका सिर्फ डीयू तक सीमित नहीं था। इंटरनेट मीडिया और फूड ब्लागर के जरिये वे पूरे राजधानी में मशहूर थे।


सुनील सेठी उर्फ पिंकी अंकल • आर्काइव

उनके हाथ तेजी से चलते थे और वे आसानी से मुरमुरा, पापड़ी, बूंदी, मूंगफली, धनिया, चटनी और नींबू जैसी सामग्री को उठाते थे और 60 रुपये में भेल पूरी और 80 रुपये में सेव पूरी तैयार करते थे। स्वाद के अड्डे में भेलपूरी की प्लेट मूड चटपटा कर देती थी।

घर से 1 बजे अंकल अपने स्थल पर पहुंचते और शाम 7:30 बजे तक उनकी भेलपूरी का स्वाद सभी लोग लेते। पिंकी अंकल खुद बोलते कम थे, लेकिन ग्राहक के सवालों का जवाब मजाकिया लहजे में देते थे। एक बार एक छात्र ने उनकी चटनी की रेसिपी पूछी थी तो कहने लगे कि 'भेलपूरी की प्लेट 60 रुपये, चटनी की रेसिपी के ढाई लाख।

कोई पूछता उम्र कितनी है, तो कहते 22 साल। फिर बोलते उम्र 22 तो ठेला 40 साल से कैसे लगा रहा हूं, यह एक विज्ञान है। पीएचडी के छात्र शेखर ने कहा, अंकल से सिर्फ स्वाद नहीं जुड़ा था, बहुत सी यादें भी जुड़ी थीं, जो वह अपने साथ ले गए। प्रोफेसर एके सिंह ने उन्हें याद करते हुए इंटरनेट मीडिया पर लिखा, मुझे आज भी याद है कि जब 2021 में मेरी पदोन्नति हुई थी। तब उसका जश्न जादू भरे हाथों से बनाई गई भेल पूड़ी खाकर मनाया था।

## साथी के साथ झपटमारी करता था आटो चालक, दोनों को दबोचा

**जासं, नई दिल्ली :** उत्तरी जिले की वजीराबाद थाना पुलिस की टीम ने आटो चालक को गिरफ्तार किया है, जो अपने साथी के साथ मिलकर झपटमार बन गया था। उससे छीना हुआ मोबाइल फोन और अपराध के दौरान इस्तेमाल आटो रिक्शा बरामद किया गया है। पुलिस ने उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों शातिर हैं, जिनके खिलाफ थानों में डकैती, झपटमारी, चोट पहुंचाने व आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।

उपायुक्त राजा बांठिया के अनुसार 18 नवंबर को मोबाइल फोन छीनने की घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराते हुए वजीराबाद निवासी योगेश कुमार ने बताया कि वह आउटर रिंग रोड पर गांधी विहार में बस से उतरा और जेब से मोबाइल फोन निकाला ही था, तभी एक लड़का पीछे से उनके पास आया और फोन छीनकर आटो-रिक्शा से फरार हो गया।

बचपन की गलतियों से बने गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
▸बदरपुर ▸दरियागंज
▸भजनपुरा ▸छतरपुर
E-2, Opp Patrol Pump Bhajanpura
9817469817

बचपन की गलतियां
SEX समस्याओं का सफल ईलाज
डॉ.शेख
ब्रांच : मिलें: रोजाना नई दिल्ली लाजपत नगर
मिलें: हर मंगलवार नोएडा सेक्टर 18 मैट्रो स्टेशन
9837023223

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹69200 Per 10g *
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all Items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

BLAZERS
SUITS & JACKETS
SALE
Formal & Wedding collection
upto 60% off
Formal • Casual • Party Collection
Men & Women wear
By Economy Sales: 9212758425
ARROW Raymond ColorPlus LOUIS PHILIPPE PARK AVENUE
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

RERA No. RC/REP/HARERA/GGM/800/532/2024/27 Date: 18-03-2024 https://haryanarera.gov.in
दीनदयाल जन आवास योजना
दीन दयाल जन आवास योजना अफोर्डेबल लक्जरी प्लॉट्स
(हरियाणा सरकार की अफोर्डेबल प्लॉटेड हाउसिंग नीति, 2016 के तहत)
अब गुरुग्राम में प्रीमियम लक्जरी प्लॉट मात्र Rs.1 Crore से शुरू
द्वारका एक्सप्रेसवे और सेक्टर 88A से 10 मिनट दूर वाया सुपर हाईवे

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सेक्टर 1, फरुखनगर, गुरुग्राम, हरियाणा में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत अफोर्डेबल लक्ज़री आवास भूखंड (हरियाणा सरकार की किफायती प्लॉटेड कॉलोनी DDJAY-2016 के तहत) पंजीकरण के लिए खुली हैं। आवेदन एवं विवरण वेबसाइट www.ddjayharyana.org पर उपलब्ध है

- Luxury Premium Lush Green Society
- Located on 135 Meter Road (as per Master Plan 2031)
- 24x7 Security with CCTV, 24x7 Water Supply, LED Street Lights
- 150 kwh Solar Plant for Power Backup
- Provision for Swimming Pool, Club House & Gym on Community Area
- Dwarka Expressway & Sector 88A, Gurugram in 10 Min via Super Highway
- Nearby attraction - Sultanpur Bird Sanctuary & Sultanpur Lake in 5 Minutes
- KMP Expressway in 5 Mins
- AIIMS Badsa in 20 Mins
- IGI Airport in only 45 minutes

www.ddjayharyana.org आवेदन करने की अंतिम तिथि : 24-11-2024

| Type | Size (in Sq.Meter) | Size (in Sq.Yards) | Registration | 10% on Allotment | 40% within 30 Days | 50% as Per CLP | Total (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Type 1 | 107.86 | 129 | ₹ 21,000 | 1015875 | 4042500 | 5079375 | ₹ 1,01,58,750 |
| Type 2 | 121.23 | 145 | ₹ 21,000 | 1141875 | 4546500 | 5709375 | ₹ 1,14,18,750 |
| Type 3 | 125.83 | 150.5 | ₹ 21,000 | 1185187 | 4719750 | 5925937 | ₹ 1,18,51,875 |
| Type 4 (MQ) | 117.89 | 141 | ₹ 49,000 | 1136812 | 4498250 | 5684062 | ₹ 1,13,68,125 |

आवेदन करने के लिए केवल रु.21000 का भुगतान करें (100% रिफंडेबल)
इस वेबसाइट पर जाकर आवेदन करें : www.ddjayharyana.org
हेल्पलाइन : +91 9429691625 ई-मेल: support@ddjayharyana.org
80% तक बैंक ऋण उपलब्ध* HDFC BANK
SCAN TO APPLY

********

## एक नजर में

### एनएफएल कंपनी नैनो यूरिया का लगाएगी आधुनिक प्लांट

**नोएडा:** नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) कंपनी नैनो यूरिया का आधुनिक प्लांट लगाने जा रही है। नंगल में प्रतिदिन 500 मिलीलीटर की 1.5 लाख बोतलें बनेंगी। महाप्रबंधक प्रभारी संजीव रणदेव का कहना है कि बाजार में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के नैनो यूरिया वेरिएंट की प्रभावशीलता और उपयोग का अध्ययन कृषि अनुसंधान के जरिए कर रही है। एनएफएल देश में सरकारी उपक्रमों के बीच सबसे बड़ा यूरिया उत्पादक है। कंपनी उर्वरकों, बीजों, फसल सुरक्षा उत्पादों की बाजार में अच्छी पैठ रखती है। (वि.)

### दो शातिर मोबाइल फोन झपटमार धरे गए

**नई दिल्ली :** उत्तरी जिले की सराय रोहल्ला थाना पुलिस की टीम ने घटना के 24 घंटे के भीतर दो झपटमारों को गिरफ्तार है। उनके कब्जे से अपराध के दौरान इस्तेमाल की गई चोरी की स्कूटी और छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपितों की पहचान शक्ति नगर के अंकुश उर्फ कुलदीप और सब्जी मंडी निवासी फूल चंद उर्फ छोटू के रूप में हुई है। उत्तरी जिले के उपायुक्त के अनुसार 18 नवंबर को सराय रोहिल्ला इलाके से मोबाइल फोन झपटने संबंधी शिकायत दर्ज कराई गई थी। (जासं)

### जहांपनाह सिटी फारेस्ट से दो जेबकतरे गिरफ्तार

**दक्षिणी दिल्ली:** अंबेडकर नगर पुलिस ने जहांपनाह सिटी फारेस्ट क्षेत्र से दो जेबकतरों को गिरफ्तार किया है। दोनों चोरी का मोबाइल बेचने के लिए पहुंचे थे। आरोपित बसों और भीड़ वाली जगहों से लोगों की जेब से मोबाइल और कीमती सामान उड़ा देते थे। उनके पास से चोरी के चार मोबाइल बरामद हुए हैं। इन दोनों आरोपितों की पहचान जीशान उर्फ लाला और अरुण उर्फ गोलू के रूप में हुई है। (जासं)

### सामापा संगीत सम्मेलन शुरू

**नई दिल्ली :** सोपोरी अकादमी आफ म्यूजिक एंड परफार्मिंग आर्ट्स (सामापा) की ओर स दिल्ली के लोकप्रिय वार्षिक सामापा संगीत सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कमानी सभागार में 22 से 24 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय 20वें वार्षिक सामापा संगीत सम्मेलन में इस बार भी युवा एवं दिग्गज कलाकारों का प्रस्तुतीकरण शामिल रहेगा। (जासं)

# भगत सिंह कालेज मामले में कार्रवाई के लिए विद्यार्थियों का थाने पर प्रदर्शन

## एएडीटीए ने वीसी को शिकायत कर जांच की मांग की, प्राचार्य आरोपों को बता चुके हैं मनगढ़ंत

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** शहीद भगत सिंह कालेज में प्राचार्य पर अनुसूचित जाति के छात्र से मारपीट और अभद्रता के आरोप मामले में कार्रवाई के लिए छात्रों ने मालवीय नगर थाने पर प्रदर्शन किया। एक दिन पहले दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने मामले में निष्पक्ष जांच करने की अपील की है। शुक्रवार को एकेडमिक्स फार एक्शन इंडिपेंडेंट टीचर्स एसोसिएशन (एएडीटीए) ने भी कुलपति को पत्र भेजकर जांच का आग्रह किया है। हालांकि, प्राचार्य पहले ही आरापों को मनगढ़ंत बता चुके हैं।

जवाहरलाल नेहरू छात्र संघ के अध्यक्ष धनंजय ने कहा कि मालवीय नगर थाने पर प्रदर्शन कर शांतिपूर्वक



मालवीय नगर थाने पर शुक्रवार को प्रदर्शन करते जेएनयूएसयू के अध्यक्ष धनंजय और आइसा के कार्यकर्ता ● सौ. आइसा

अपनी मांगें रखी हैं। उन्होंने जल्द आरोपित की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने कहा है कि प्राचार्य को नोटिस भेजकर जानकारी मांगी गई है। धनंजय ने बताया कि पुलिस ने सोमवार तक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। डूटा ने कहा है कि संगठन संस्थान में किसी भी दुर्व्यवहार की निंदा करता है। मामले में निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। एएडीटीए ने मांग की है कि पारदर्शी और निष्पक्ष जांच के लिए प्राचार्य को छुट्टी पर भेजा जाना चाहिए।

संगठन समाज के वंचित वर्ग के छात्रों और शिक्षकों के खिलाफ जातिगत भेदभाव या अत्याचार के खिलाफ है और यह समावेशी समाज के सिद्धांतों में विश्वास करता है। पूरे मामले पर डीयू दक्षिण परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने कहा, घटनाक्रम संज्ञान में है और इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। इस पर जानकारी जुटाई जा रही है। विश्वविद्यालय किसी भी छात्र, शिक्षक या प्राचार्य के साथ अन्याय के खिलाफ है।

# कलिंग युद्ध ने सिखाया प्रगति के लिए शांति है महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति मुर्मु

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** कलिंग युद्ध ने 'चंडाशोक' को 'धर्माशोक' में बदल दिया। यह युद्ध हमें सिखाता है कि प्रगति के लिए शांति महत्वपूर्ण है। आज दुनिया के कुछ हिस्से संघर्षों का सामना कर रहे हैं। ओडिशा के इतिहास का कलिंग युद्ध अध्याय दुनिया को शांति का मार्ग दिखा सकता है। यह बातें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में तीन दिवसीय ओडिशा पर्व-2024 का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ओडिशा की संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू सहिष्णुता है।

उन्होंने लोगों से स्नेह और सद्भाव के साथ रहने और भारत के लिए अपनी क्षमता के अनुसार काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि ओडिशा पर्व ने ओडिशा की कला, साहित्य, नृत्य, संगीत


जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित ओडिशा पर्व के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को स्मृतिचिन्ह भेंट करते ओडिशा समाज के प्रधान सिद्धार्थ प्रधान। साथ में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ● ध्रुव कुमार

और व्यंजनों की समृद्ध विरासत से लोगों को अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान उन्होंने नई दिल्ली में एक दशक से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजकों की सराहना की। इस अवसर पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सांसद भर्तृहरि महताब, ओड़िया समाज के अध्यक्ष सिद्धार्थ प्रधान आदि उपस्थित रहे। दिल्ली-ओड़िया समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में ओडिशा के खान-पान से लेकर हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, साहित्य आदि के स्टाल लगाए गए हैं।

## पैडल टूर्नामेंट : बिना प्वाइंट गंवाए भारतीय-स्पेन जोड़ी ने जीता मैच

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** भारत में पहली बार हो रही अंतरराष्ट्रीय पैडल टूर्नामेंट के दूसरे दिन शुक्रवार को राउंड 16 के आठ मैच खेले गए। भारतीय व स्पेन जोड़ी मोहित व गार्सिया ने बिना प्वाइंट गंवाए दोनों सेट अपने नाम किए। भारत के आर्या रोघानी व स्वीडन के हामी गोलेस्टेन की जोड़ी को वाक आउट मिल गया। शनिवार को क्वार्टर फाइनल के मैच खेले जाएंगे।

सीयूपीआरए एफआइपी टूर के अंतर्गत एफआइपी प्रमोशन इंडिया पैडल ओपन 21 से 24 नवंबर तक ग्रेटर नोएडा के बेनेट विश्वविद्यालय में आयोजित हो रही है। टूर्नामेंट के निदेशक आदित्या खन्ना ने बताया कि मोहित दहिया व बर्निल्स गार्सिया की जोड़ी ने चंद्रिल सूद व लक्षित सूद को सीधे सेटों में 6-0, 6-0 से हराया। स्पेन की जोड़ी सर्गी गिमेट बिगास व जोएल ओलीव्रा पालेस ने इटली की जोड़ी आंद्रेस मसीरो व गियोल लारेंजिन को 6-0, 6-2 से हराया। स्पेन के पोल अल्सीना व एडु अल्टीमाइरेस ने भारत के फरनाज शहनवाज व आस्टिन वर्गीज को 6-0, 6-0 से हराया। सबसे लंबा मैच भारतीय जोड़ी व स्पेन व मिस्र के खिलाड़ियों के बीच चला।

# कार चालक ने छह गाड़ियों में मारी टक्कर, गिरफ्तार

- टक्कर से पलटा आटो, घायल चालक को एम्स में कराया भर्ती
- अंबेडकर नगर थाना क्षेत्र में 17 नवंबर की रात की घटना

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** अंबेडकर नगर थाना क्षेत्र में 17 नवंबर की रात छह गाड़ियों में टक्कर मारने और आटो चालक को घायल करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि कार चालक नशे में था। गाड़ियों में टक्कर मारने के बाद उसने आटो में टक्कर मारी। इससे आटो पलट गया और चालक घायल हो गए। उन्हें एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपित कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। एमएलसी में भी आरोपित के शराब पीने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने बताया कि घायल आटो चालक की पहचान मयूर विहार निवासी शुभम के तौर पर हुई है। वह मूलरूप से सहारनपुर (उप्र) के रहने वाला है। घटना वाली रात वह सवारी छोड़ने मदनगीर गया था। वहां से आने के दौरान रात दो बजे राजा राममोहन मार्ग पर तेज रफ्तार कार चालक आया और कई गाड़ियों में टक्कर मारने के बाद उनके आटो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से उनकी आटो पलट गया और वह उसके नीचे फंस गए। आसपास के लोग आ गए और आटो को सीधा कर उन्हें बाहर निकालकर और पुलिस को सूचना दी। घायल आटो चालक शुभम को एम्स भेजा गया। आरोपित कार चालक मदनगीर निवासी 29 वर्षीय किशन को लोगों ने पकड़ लिया। जांच में पता चला कि उसने शराब के नशे में सड़क किनारे खड़ी वैगन आर कार, सेंट्रो, स्विफ्ट, एक आटो, बलेनो और पीड़ित के आटो में टक्कर मारी।

## वसंत कुंज में चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, दक्षिणी दिल्ली:** वसंत कुंज स्थित कावेरी अपार्टमेंट में चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 18 नवंबर को कावेरी अपार्टमेंट, वसंत कुंज निवासी शिकायतकर्ता भगवान ने घर से डेढ़ लाख रुपये चोरी होने की एफआइआर दर्ज कराई।

## 37 आपराधिक मामलों में शामिल रहे दो आरोपित गिरफ्तार



**जासं, पश्चिमी दिल्ली:** पश्चिमी जिला पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में वाहन चोर सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

आरोपितों की पहचान सुभाष नगर के शैलेंद्र कुमार उर्फ सिलु कुमार उर्फ रवि कुमार और रघुबीर नगर के राकेश उर्फ काका के रूप में हुई है।शैलेंद्र पहले 15 आपराधिक मामलों व राकेश 27 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिले की एएटीएस टीम ने पंजाबी बाग ट्रांसपोर्ट नगर के पास से वाहन चोर शैलेंद्र को गिरफ्तार किया है। उससे दो स्कूटी व एक बरामद हुई।वह पहले भी 15 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।वहीं दूसरे मामले में ख्याला थाना पुलिस ने राकेश को गिरफ्तार कर उसके पास से दो मोबाइल व चाकू बरामद किया है।

# खान मार्केट में अब रात एक से सुबह चार बजे तक होगी सफाई



खान मार्केट में रात के समय सफाई करते कर्मचारी ● सौ. एनडीएमसी

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** एनडीएमसी की खान मार्केट के सफाई का कार्य अब रात में होगी। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने प्रतीकात्मक तौर से सफाई करके बृहस्पतिवार की रात को सफाई की। अब रात एक बजे से सुबह चार बजे तक यह सफाई होगी। इस मौके पर खान मार्केट व्यापारिक क्लायण संघ और एनडीएमसी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

चहल ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छता माडल से प्रेरित है। इन सघन सफाई को सरोजिनी नगर, जनपद मार्केट व पंडारा रोड आदि में भी विस्तार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सामान्य सफाई नहीं है; यह गहरी सफाई मशीनोंकी ओर से की गई, जिसमें मैकेनिकल स्वीपर्स और जेट वाशिंग तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे गहरे जमे हुए गंदगी को हटाया गया है। चहल ने यह भी बताया कि एनडीएमसी दिल्ली की पहली एसी नगरपालिका है, जिसने अपने बाजारों में इस तरह का गहरा रात्री सफाई अभियान लागू किया है।

## महिला का बैग छीनकर भागने वाला लुटेरा पकड़ा गया

**जासं, दक्षिणी दिल्ली:** दक्षिण जिला पुलिस ने सक्रिय लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से चोरी के तीन मोबाइल व दो बाइक बरामद की। पुलिस के अनुसार सादिक नगर निवासी 68 वर्षीय महिला ने डिफेंस कालोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला के अनुसार चार अक्टूबर को वह बैंक से घर जा रही थी। ट्रांजिट कैंप हुडको पैलेस के पास पहुंची, तो एक व्यक्ति स्कूटर पर आया और उसका हैंडबैग छीनकर भाग गया। बैग में मोबाइल फोन और 40 हजार रुपये थे। एफआइआर दर्ज कर टीम ने जांच शुरू की। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से संदिग्ध व्यक्ति को चिन्हित किया गया।

स्थानीय स्रोतों और तकनीकी निगरानी के आधार पर आरोपित अरुण निवासी झुग्गी, इंद्रपुरी को 20 नवंबर को क्षेत्र से पकड़ा गया। वह नशे का आदी है। नशे की लत को पूरा करने के लिए उसने अपराध किया। पूर्व में वह दो आपराधिक मामलों में भी शामिल रहा है। उसकी निशानदेही पर लूट के तीन मोबाइल और चोरी के दो बाइक बरामद किया गया।

## फिल्म रिव्यू

## आइ वांट टू टाक ★★★½

**प्रमुख कलाकार :** अभिषेक बच्चन, पर्ल डे, अहिल्या बामरू, जयंत कृपलानी
**निर्देशक :** शूजित सरकार
**अवधि :** दो घंटे दो मिनट

# अभिषेक की खामोशी कर जाती है ढेर सारी बातें

हमारे जीवन में कदम-कदम पर संघर्ष है। सफलता उसी को मिलती है, जो परिस्थितियों से डरता नहीं, बल्कि डटकर सामना करता है। फिल्मकार शूजित सरकार के दोस्त अर्जुन सेन ने वास्तविक जीवन में इसे साबित किया है। अर्जुन को गले में कैंसर के बाद तमाम दिक्कतों से जूझना पड़ा, फिर भी उन्होंने जिंदगी की जंग लड़ी। अर्जुन ने अपने जीवन के अनुभवों को 'रेजिंग ए फादर' नामक पुस्तक में व्यक्त किया है। इसी पर शूजित ने फिल्म आइ वांट टू टाक फिल्म बनाई है। यह पिता को बच्चों की जरूरतों को समझने और उनके साथ मजबूत संबंध बनाने पर बल देती है।

कहानी अमेरिका में रह रहे आप्रवासी भारतीय अर्जुन सेन (अभिषेक बच्चन) की है। मार्केटिंग की नौकरी करने वाला अर्जुन वाचाल है। पत्नी से उसका तलाक हो चुका है। उसकी आठ साल की बेटी रेया (पर्ल डे) है। अर्जुन को पता चलता है कि वह ऐसी बीमारी से ग्रस्त है, जो उसके जीवन के लिए खतरा बन सकती है। यही नहीं, इससे उसकी बोलने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। डाक्टरों के मुताबिक उसकी जिंदगी के महज सौ दिन बचे हैं। इस कड़वी हकीकत, अस्पताल के चक्करों के साथ अर्जुन और उसकी बेटी रेया के रिश्ते की भी परीक्षा होती है। एक दिन उसकी बेटी उससे कहती है कि अगर आप मुझे जानते हैं, तो बताइए कि मेरी सबसे अच्छी दोस्त कौन है? मेरा पसंदीदा रेस्तरां कौन सा है? जब हम साथ में होते हैं, तो क्या करना पसंद है? तीनों के सही जवाब दे पाने में अर्जुन विफल होता है। फिर वह एक कागज लाती है, जिसमें कई गोलाकार बने होते हैं, उसमें अर्जुन सबसे आखिर में होता है। यह वार्तालाप उसे अपनी बेटी के साथ दोस्ती करने और अधिक विचारशील, बेहतर अभिभावक बनने की यात्रा की ओर अग्रसर करता है। इस दौरान अर्जुन की 20


अभिषेक बच्चन के पात्र में कई परतें हैं।
चित्र सौ. :फिल्मटीम

सर्जरी होती हैं।

शूजित सरकार ने एक बार फिर मर्मस्पर्शी विषय को छुआ है। फिल्म धीमी गति से बढ़ती है, लेकिन पिता-पुत्री के संबंधों के साथ मेडिकल दिक्कतों को दर्शाते हुए यह उसे मार्मिक बनाती है। तमाम समस्याओं से जूझ रहे अर्जुन की भावनाओं, तकलीफों और मनोदशा को शूजित सहजता से व्यक्त करते हैं। अस्पताल और बीमारी के बीच झूल रहे अर्जुन के साथ यह फिल्म अपने दृष्टिकोण में आशावादी और सहज बनी रहती है। शूजित ने इस जटिल विषय के साथ ह्यूमर को भी जोड़ा है। डा. देब (जयंत कृपलानी) के साथ अर्जुन की बातचीत जहां तनावपूर्ण माहौल में राहत लाती है, वहीं जीवन की सच्चाई को भी दर्शाती है। अर्जुन का यह सफर झकझोरता है, लेकिन वह खामोशी से आपको प्रेरणा भी दे जाता है। कुछ खामियों की बात करें तो अंग्रेजी में संवाद काफी है। अर्जुन की पत्नी का पक्ष नहीं दिखाया गया है, जो अखरता है।

अभिषेक बच्चन के पात्र में कई परतें हैं। अभिषेक ने शारीरिक कायांतरण से लेकर बोलने की क्षमता पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर बारीकी से काम किया है। बाल कलाकार पर्ल और अहिल्या बामरू का अभिनय प्रशंसनीय है। फिल्म का बैकग्राउंड संगीत कहानी के साथ सुसंगत है। अर्जुन की यह असाधारण कहानी बताती है कि हालात से लड़ने की ठान ली जाए, तो उसे हराना मुश्किल नहीं।

**स्मिता श्रीवास्तव**

## आल वी इमेजिन एज लाइट ★★★

**मुख्य कलाकार :** कनी कुश्रुति, दिव्या प्रभा, छाया कदम, हदु हारून
**निर्देशक :** पायल कपाड़िया
**अवधि :** एक घंटा 58 मिनट

# भीतर के प्रकाश को पहचानने का संदेश

77वें कान फिल्म फेस्टिवल में इस साल पायल कपाड़िया निर्देशित फिल्म 'आल वी इमेजिन एज लाइट' ने ग्रैंड प्रिक्स पुरस्कार जीता तो खूब चर्चा हुई। अब इस इंडिपेंडेंट फिल्म को मलयालम और हिंदी (डब) में शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है।

कहानी तीन महिलाओं की इच्छाओं-आकांक्षाओं, स्वयं के भीतर का प्रकाश खोजने और सपनों के नगर मुंबई में टिके रहने की जिद्दोजहद पर है। केरल से आई दो नर्स, प्रभा (कनी कुश्रुति) और अनु (दिव्या प्रभा) एक साथ किराये के घर में रहती हैं। प्रभा के पति ने जर्मनी जाने के बाद उसका हालचाल तक नहीं पूछा। अनु और उसका ब्वायफ्रेंड सिआज (हदु हारून) रोमांटिक लम्हे बिताने के लिए भीड़भाड़ वाले नगर में जगह तलाश रहे हैं। अस्पताल में चाय बनाने वाली पार्वती (छाया कदम) घर के कागजात न होने से परेशान है। बिल्डर उसके घर पर कब्जा करना चाहता है। जब पार्वती अपना घर नहीं बचा पाती, तो प्रभा और अनु पार्वती के गांव जाती हैं, ताकि वहां उसे बसने में


कनी कुश्रुति पात्र प्रभा ही लगती हैं।
चित्र सौ.: फिल्मटीम

मदद कर सकें।

फिल्म में गणेशोत्सव के दौरान बैकग्राउंड में एक महिला कहती है कि मुंबई को लोग सपनों का शहर कहते है, लेकिन यह तो मायानगरी है। पायल ने इस शहर की नब्ज पकड़कर उसे तीनों पात्रों की कहानियों में ढाला है। वाकई यह मायानगरी है, जिसने अनु को उसके प्यार से मिलवाया, तो सालों से मुंबई में रह रही पार्वती को एक कागज न होने पर शहर छोड़ना पड़ गया, वहीं शादीशुदा जीवन के सुख से दूर प्रभा ऊहापोह में है, जो अपने साथ प्यार में पड़े डाक्टर के करीब नहीं जा सकती। सिनेमैटोग्राफर रणबीर दास ने रेलवे स्टेशन और सड़कों के दृश्य कलात्मकता से लिए हैं।


फिल्म में कई खामियां भी हैं, जैसे प्रभा का जर्मनी में रहने वाला पति कैसे अंत में एक गांव में मिल जाता है? अनु का ब्वायफ्रेंड अगर अलग धर्म से न भी होता, तो उससे कहानी में क्या फर्क पड़ता? पात्रों का कई दृश्यों में मलयालम में बात करना दिक्कत कर सकता है। अंग्रेजी सबटाइटल से नजर हटी, तो फिल्म समझ नहीं आएगी।

कनी कुश्रुति, प्रभा ही लगती हैं। पति द्वारा भेजे कुकर को जब पकड़कर वह रोती हैं, तो पति से दूर जी रही पत्नी का दर्द महसूस कराती हैं। छाया कदम अपने चिर-परिचित अंदाज में हैं। दिव्या प्रभा सेकेंड लीड में अनु के रोल में ताजगी लाती हैं। हदु हारून का पात्र आधा-अधूरा सा लगता है।

**प्रियंका सिंह**

★★★★★ उत्कृष्ट ★★★★ बहुत अच्छी ★★★ अच्छी ★★ औसत ★ औसत से कम

अपनी राय हमें जरूर बताएं : feature@jagran.com



********